29/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आयोजित की गई थी।

0000000000000000000

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (नीपको) के निदेशक (कार्मिक) मेजर जनरल रिटायर्ड आर.के. झा ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में चल रही और आगामी नीपको परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल को राज्य में निगम की ऊर्जा पहलों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया गया, जिसका उद्देश्य बिजली उत्पादन को बढ़ाना और क्षेत्रीय विकास में योगदान देना है। राज्यपाल ने नीपको के निदेशक को विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में मॉडल गाँव बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक हॉल और स्थानीय बाजार जैसी आवश्यक सुविधाएँ शामिल हैं।

0000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत राजधानी पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ लड़ाई में, कल नाहरलगुन पुलिस ने ड्रग्स संबंधित एक मामले में शामिल मुख्य ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया। यह गिरफ़्तारी पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर, नाहरलगुन पुलिस स्टेशन ओसी, इंस्पेक्टर कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने असम के बांदरदेवा से की है। उसके कब्जे से लगभग 27.9 ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन वाली कुल 20 शीशियां ज़ब्त की गईं। इससे पहले, इसी मामले के सिलसिले में रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

0000000000000000000

लोअर सुबनसिरी उपायुक्त एच.पी. विवेक ने कल जीरो में 8वीं जिला स्तरीय एंकॉर्ड समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए जिला पुलिस के अथक प्रयासों की सराहना की और जिले में मादक पदार्थों के खतरे को दूर करने के लिए सभी हितधारकों के निरंतर संयुक्त और ठोस प्रयासों पर जोर दिया। बैठक के तहत डी.एस.पी. ओजिंग लेगो ने कहा कि, जिला पुलिस ने नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के छह मामले दर्ज किए हैं और नशीली दवाओं से संबंधित अपराध में शामिल दस लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

000000000000000000000

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज बोलेंग के उपायुक्त कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त पी.एन थुंगन ने चल रही सड़क सुरक्षा पहलों की समीक्षा की और जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की रणनीतियों पर चर्चा की।

बैठक का आयोजन मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 215 के तहत की गई, जिसमें राज्य सरकार की सहायता एवं सलाह के लिए जिला सड़क सुरक्षा समितियों के गठन का निर्देश जारी किया गया। बैठक में परिवहन विभाग, पुलिस और लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी और अन्य प्रमुख हितधारकों के अधिकारी शामिल हुए।

0000000000000000000

आज देरा नातुंग गवर्मेंट कॉलेज ईटानगर में मिशन लाइफ और सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित जागरूकता सह संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच पर्यावरण से जूड़ी सजगता पैदा करना और मिशन लाइफ एंव एसडीजी के मुख्य सिद्धांतों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के इको क्लब और इंटर्नल क्वालिटी एसुरेंस सेल के सहयोग से किया गया।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग को नॉर्थ ईस्टर्न डेवेल्पमेंट फ़ाईनान्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य के लिए एक प्रतिष्ठित पर्यटन परामर्श परियोजना को पूरा करने के लिए नामित किया गया है। इस समझौते पर कल गुवाहाटी के NEDFi परिसर में जनरल मैनेजर (NEDFi) ओली बोरा और कॉमर्स विभाग के HOD प्रो. आर. सी. परीदा ने हस्ताक्षर किए। यह परियोजना राज्य के पर्यटन क्षेत्र पर केंद्रित है, जिसमें निजी निवेश का विशेष संदर्भ है और राज्य में निजी निवेशकों के सामने आने वाली समस्याओं एवं बाधाओं का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य राज्य में पर्यटन विकास और रोजगार सृजन के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करना है।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, लोअर सुबनसिरी, कामले, शी योमी, सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है।

000000000000000000

विधायक सह जलविद्‍युत विकास विभाग के मंत्री के सलाहकार, निनोंग ईरिंग ने आज रुक्सिन आरडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ईस्ट सियांग जिले के विभागाध्यक्षों और 37th वेस्ट कंस्टीट्‍वेंसी के पीआरआई सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, विधायक ने संबंधित कार्यकारी विभागों और पीआरआई सदस्यों से 2025-2026 के लिए बजट अनुमान के अपने तैयार दस्तावेज प्रस्तुत करने का आग्रह किया।

00000000000000000000